हिंदी सांध्य दैनिक

# द न्यूज बर्ड

वर्षः 1 अंकः 3 | जोधपुर, मंगलवार, 22 नवंबर, 2022 | ▪ कुल पृष्ठः 4 ▪ मूल्य :- 5/- रुपए

## धोखा या साजिश

## झूठे केस में पकडने जाने के डर से शिकंजी का ठेला लगाने वाले ने किया सुसाइड का प्रयास

### दो साल पहले राजेश विश्नोई नाम के युवक ने थाने में दिया लाइसेंस जमानत भी करवाई अब पुलिस ने बुलाया तो डर के मारे पी गया चुहे मारने की दवा, एमजीएच में भर्ती



**जोधपुर**

मंडोर थाना क्षेत्र में रहने वाले एक बीस वर्षीय युवक ने एक ऐसे एक्सीडेंट केस में फंसने के डर से  जहर खाकर आत्महत्या करने की कोशिश की है जो उसने किया नहीं है। फिलहाल युवक एमजीएच के सीसीयू में भर्ती है। जहां उसका उपचार चल रहा है। मंडोर थाना पुलिस ने उसके खिलाफ आत्महत्या का प्रयास का मामला दर्ज किया है। लेकिन उसने पुलिस को अस्पताल में जो बयान दिया उसमें बताया कि उसने कोई एक्सीडेंट नहीं किया था। मिलने वाले ने उसे उसे दो साल पहले एक एक्सीडेंट के मामले में फंसा दिया था। अब उसका वारंट जारी हो गया है। जबकि उसने कोई एक्सीडेंट नहीं किया है। राजेश विश्नोई नामक जानकार उसका ड्राइविंग लाइसेंस ले गया था। अब पुलिस ने उसे वापस थाने बुलाया तो डर के मारे मरने के लिए जहर पी लिया। मामले की जांच सहायक उपनिरीक्षक नवीन कुमार को सौंपी गई है।


एमजीएच में भर्ती मंडोर गार्डन के बाहर शिंकजी का ठेला लगाने वाले टीपू उर्फ ओमसिंह ने बताया कि करीब दो साल पहले वह अपने घर पर था। शाम के समय उसने शराब पी रखी थी। उसम समय उसका जानकार राजेश विश्नोई उसके पास आया। उसे लेकर मंडोर थाने लेकर गया। उसका लाइसेंस लिया और कुछ कागजात पर हस्ताक्षर करवाए। मुझे पता चला कि मेरे खिलाफ पिकअप एक्सीडेंट की रिपोर्ट है। बाद में राजेश के मिलने वाले सुनील विश्नोई ने कोर्ट से मेरी जमानत भी करवा दी थी। वह अपना काम करने लगा। इस दौरान उसे कोई बुलावाय नहीं आया।

लेकिन बीस नवंबर को उसके पास एक आदमी आया और कहा कि कोर्ट का आर्डर आया है।  उसे मंडोर चौकी आकर मिलना है। इस पर टीपू शाम को मंडोर चोकी गया। लेकिन वहां पुलिस वाला नहीं मिला। रात को उसे लगा कि अब कोर्ट के चक्कर काटने पडेंगे पुलिस वाले गिरफ्तार भी करेंगे जो एक्सीडेट मैने नहीं किया उसके लिए परेशान होना पडेगा। यह डर बैठ गया। वह अपने घर गया और वहां रखी चुहे मारने की दवा मरने के लिए पी ली। कुछ देर बाद उसकी तबीयत बिगडने लगी तो उसके बाई कुंदनसिंह को पता चला तो वह उसे लेकर एमजीएच आया। जहां पहले उसे मेडिसिन वार्ड में भर्ती किया गया। थोडा सुधार होने पर उसे अब सीसीयू में भर्ती किया गया है। इस दौरान मंडोर थाने के एसआई जगदीशसिंह ने उसका पर्चा बयान लिया तो टीपू ने उसमे भी यही बताई कि उसे एक्सीडेंट केस में फंसने का डर था इसलिए जहर पिया है।

### लश्कर के आतंकी कैंप में जेहादी बनकर विशेष ऑपरेशन को अंजाम देने वाले

## कर्नल संग्राम सिंह की प्रतिमा का हुआ अनावरण





**जोधपुर**। ओसियां के टापू के रहने वाले कर्नल संग्राम सिंह भाटी की प्रतिमा का अनावरण मंगलवार को शहर के गौरव पथ पर किया गया। कर्नल का 19 अक्टूबर 2018 में बीमारी से निधन हो गया था। उन्होंने सन 1997/98 में ऑपरेशन रक्षक के 20 कमांडो के साथ 6 आतंकियों को मार गिराया था। इसके अलावा लश्कर के आतंकी कैंप में जेहादी बनकर विशेष ऑपरेशन को अंजाम दिया था। कार्यक्रम के दौरान कर्नल की मां भावुक हो गई। उन्होंने कहा कि उनके बेटे की उपलब्धि पर उन्हें गर्व है और ऐसे बेटे हर मां को मिले। राज्य सैनिक कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष मानवेंद्र सिंह जसोल ने उनसे जुड़े किस्से सुनाते हुए बताया कि वह उनके करीबी मित्र थे। जब करनाल संग्राम सिंह 10 पैरा में आए तब से उनकी मित्रता हुई। जब पाकिस्तान ने कारगिल में घुसपैठ की तो कर्नल संग्राम सिंह उस समय मेजर थे और भारत सेना के पहले ऐसे अधिकारी थे जिन्होंने पाकिस्तान से झड़प ली। भारत की सांझी सेना जब श्रीलंका गई थी तब भी 10 पैरा के अधिकारी थे। वहां ऑपरेशन के दौरान घायल हो गए थे।

इस अवसर पर मेजर जनरल (सेवानिवृत्त) नरपत सिंह राजपुरोहित, मेजर जनरल (सेवानिवृत्त) दलवीर सिंह वीर चक्र, मेजर जनरल (सेवानिवृत्त) डीके मेहता, मेजर जनरल (सेवानिवृत्त) शेर सिंह, ब्रिगेडियर अमर सिंह राठौड़, कॉलोनेल (सेवानिवृत्त) लक्ष्मण सिंह राठौड़, कॉलोनेल दलदीप सिंह खंगारोत, राज्य सैनिक कल्याण बोर्ड के मानवेंद्र सिंह जसोल, राज्यसभा सांसद राजेंद्र गहलोत, महापौर दक्षिण वनीता सेठ और कर्नल की बेटियां गायत्री, नेतल और पत्नी पूजा और मां भी अनावरण कार्यक्रम में मौजूद रही।



## मैनहोल में मिला महिला का तेजाब से जला शव, पुलिस जुटी मामले की जांच में



**जोधपुर**। जोधपुर पुलिस कमिश्नर की विवेक विहार थाना क्षेत्र में एक शव मिलने से सनसनी फैल गई शव  सीवरेज के मैनहोल में मिला शव की पहचान छुपाने के लिए उस पर तेजाब डाला गया है सूचना मिलने पर विवेक विहार थाना पुलिस और एसीपी जयप्रकाश अटल मौके पर पहुंचे। पूरे मामले के बारे में बताते हुए पुलिस ने बताया कि विवेक विहार इलाके में एक गाय मूर्छित अवस्था में मिली जिसे खड़ी करने के लिए कुछ लोग पहुंचे लेकिन जब तक गाय मर चुकी थी तो वहां खड़े लोगों ने देखा कि तेज  बदबू आ रही है उन्होंने सीवरेज लाइन मेनहोल खोलकर देखा तो उसमें एक महिला का शव था जिस पर लोगों ने इसकी सूचना विवेक विहार थाना पुलिस को दी एसीपी बोरानाडा जयप्रकाश अटल  के साथ थाने का जाब्ता मौके पर पहुंचा एफएसएल की टीम द्वारा मौके से  सबूत  जुटाए गए हैं वहीं शव को मोर्चरी में रखवाया गया है जोधपुर पुलिस कमिश्नर में जिन जिन थानों में गुमशुदगी दर्ज है उन तमाम थाना पुलिस को भी इतला  दे दी गई है फिलहाल पुलिस शव की पहचान में जुटी है और उसके बाद अनुसंधान किया जाएगा कि आखिर इस महिला के साथ क्या अनहोनी हुई थी शुरुआती जांच में बताया जा रहा है कि महिला का हत्या कर शव मेन हॉल में डाला गया और फिर पहचान छुपाने के लिए उसके चेहरे पर तेजाब फेंक दिया गया।

# श्रद्धा हत्याकांड का गुस्सा जोधपुर में भीः आरोपी आफताब को फांसी देने की मांग को लेकर कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन




**जोधपुर**। देश की राजधानी दिल्ली में पिछले दिनो हुए श्रद्धा हत्याकांड का विरोध पुरे देश में जताया जा रहा है इसीके चलते मंगलवार को जोधपुर में भी जिला कलेक्टर कार्यालय के बाहर श्रद्धा के हत्यारे आफताब को फासी देने की मांग के चलते विरोध प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौपा गया। नौसाद अंसारी ने बताया गया कि दिल्ली में हुए श्रद्धा वॉकर निर्मम हत्याकांड जिसमें आरोपी आफताब पूनावाला ने जिस बर्बरता से इस वारदात को अंजाम दिया है उससे समस्त मानवीयता और भारतीय शर्मसार एवं आहत है। देश के तमाम रहवासी और जागरूक समाज के लोगो ने इस घटना पर अपना रोष व्यक्त किया है। उन्होने मांग की है कि आरोपी को भारत की उच्च संस्था और न्यायपालिका सुप्रीम कोर्ट जल्द से जल्द फांसी की सजा दे।

## इनरव्हील क्लब ने निभाए सामाजिक सरोकार

# अजमेर से आई डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन रीना अग्रवाल ने की सराहना



**जोधपुर**। अंतर्राष्ट्रीय स्तर के सामाजिक संगठन इनर व्हील क्लब द्वारा सामाजिक सरोकार निभाते हुए जरूरतमंदों को विभिन्न प्रकार की सुविधा उपलब्ध कराने के साथ विभिन्न सामग्री का वितरण भी किया गया, अजमेर से जोधपुर आई इनर व्हील क्लब की डिस्ट्रिक्ट 305 चेयरमैन रीना अग्रवाल ने जोधपुर की टीम द्वारा किए जा रहे सामाजिक सरोकार के कार्यों की सराहना की। इनरव्हील क्लब की डिस्ट्रिक एडिटर विमला गट्टानी ने जानकारी देते हुए बताया कि इनर व्हील क्लब की डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन रीना अग्रवाल व सचिव निशा खानपुर के जोधपुर प्रवास के दौरान इनर व्हील क्लब की अध्यक्ष रंजना जैन और सचिव सुशील भंडारी की टीम द्वारा साल भर की किए गए कार्यों की समीक्षा की गई तो वही विभिन्न प्रकार के सामाजिक सरोकार भी निभाए गए।मंडोर स्थित अनुबंध वृद्ध आश्रम में 10 खाना खाने की टेबल भेंट करने के साथ माइक्रो क्रेडिट में 5 महिलाओं को रोजगार शुरू करने के लिए धनराशि और सिलाई मशीन प्रदान की गई। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय विशिष्ट पूर्व में एक कंप्यूटर प्रिंटर प्रदान किया गया। उन्होंने बताया कि,इनरव्हील क्लब डिस्ट्रिक्ट 305 की चेयरमैन रीना अग्रवाल व डिस्ट्रिक्ट सचिव निशा खानपुर अपनी आधिकारिक यात्रा पर जोधपुर आई । क्लब अध्यक्ष रंजना जैन द्वारा स्वागत भाषण दिया गया व आगे आने वाले प्रॉजेक्ट्स की जानकारी दी गयी। क्लब सचिव ,शशि भंडारी द्वारा सालभर किए गए कार्यों की जानकारी दी गई ।मंजू मेहता ने रीना अग्रवाल का संक्षिप्त परिचय दिया ।रीना अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में क्लब द्वारा किए गए कार्यों की सराहना की ।डिस्ट्रिक्ट एडिटर विमला गट्टानी ,पीडीसी रानी माहेश्वरी , पीडीसी रचना सांघी, क्लब की आनरेरी मेंबर डीआरएम गीतिका पांडे, रोटरी क्लब के अध्यक्ष व सचिव भी उपस्थित रहे ।क्लब द्वारा अनुबंध वृद्ध आश्रम में 10 खाने की टेबल दी गई जिसका अवलोकन रीना अग्रवाल द्वारा किया गया। माइक्रोक्रेडिट में 5 महिलाओं को अपने रोजगार शुरू करने के लिए धनराशि व सिलाई मशीन प्रदान की गई।राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय विशिष्ट पूर्व में एक कंप्यूटर प्रिंटर प्रदान किया गया ।क्लब की उपाध्यक्ष जय श्री मेहता द्वारा धन्यवाद प्रस्तुत किया गया ।कार्यक्रम का सफल संचालन प्रभा भंडारी व शुब्रता सिंघवी द्वारा किया गया।

# महात्मा गांधी अस्पताल के नर्सिंग कर्मचारियों ने आयोजित किया रक्तदान शिविर




**जोधपुर**। शहर के महात्मा गांधी अस्पताल में नर्सिंग एवम पैरामेडिकल के कर्मचारियों ने मंगलवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया। अस्पताल में कार्यरत नर्सिंग अधिकारी एवम नर्सेज नेता जगदीश जाट के जन्मदिवस के उपलक्ष में शहर के महात्मा गांधी अस्पताल में विशाल रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। नर्सिंग अधिकारी जगदीश जाट ने बताया कि जोधपुर शहर में डेंगु के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए एवं अस्पतालो के ब्लड् बैंक में रक्त की कमी को देखते हुए समस्त नर्सिंग अधिकारी एवं पैरामेड़िकल कर्मचारीयो की और से मंगलवार को सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में करीब दो सो लोगो ने रक्तदान किया।

## रक्तदान शिविर 19 को

सूर्यनगरी जोधपुर में रक्त की कमी को मद्दे नजर रखते हुए जोधपुर वस्त्र व्यापार दलाल संघ एवं त्रिपोलिया बाजार मोती चौक व्यापार संघ के संयुक्त तत्वावधान में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन 19 दिसंबर को किया जाएगा। संघ के दीपक सोनी ने बताया की हाल ही मैं थैलेसीमिया पीड़ित रोगियों के जीवन को सुरक्षित करने हेतु दोनों संघों ने *दिनांक 19:12 .2022 को प्रातः 10:00 से सांय 5:00 तक सुखेश्वर बाड़ी डबगरो की गली कटला बाजार पर रक्तदान शिविर आयोजित करने का निर्णय लिया है। उन्होंने सभी से ज्यादा से ज्यादा संख्या में रक्तदान करने की अपील भी की है।

# रोजगार मेले में शिरकत करने आए केंद्रीय मंत्री मेघवाल बोले- कांग्रेस सरकार दो खेमे में बंटी

**जोधपुर**। केंद्रीय मंत्री अर्जुन मेघवाल ने राजस्थान सरकार को बड़ा हमला बोलते हुए कहा है कि यह पता नहीं चल पा रहा है कि प्रदेश में सरकार है या नहीं है, सरकार अल्पमत में है या बहुमत में है पूरी तरह से कन्फ्यूजन हो रखा है। बीकानेर जिला कलेक्टर के साथ मंत्री रमेश मीणा के व्यवहार पर मेघवाल ने कहा कि सरकार में जिस तरह का संकट है उसमे व्यवहार का भी क्राइसिस बना हुआ है। कम से व्यवहार तो सही रखना चाइए। ऐसा व्यवहार क्यों करते है। ऐसा लगता है कि सरकार में जो क्राइसिस चल रहा है उसमे एक क्राइसिस यह भी जुड़ गया है। मंगलवार को जोधपुर में रोजगार मेले में शिरकत करने आए मेघवाल ने तो यहां तक कहा कि निश्चित तौर पर यह क्राइसिस है और सरकार पूरी तरह से संकट में है। मेघवाल ने कहा कि सबको पता है कि सरकार दो खेमों में बंटी हुई है और कौन किस को नीचा दिखाने का प्रयास कर रहा है। लेकिन व्यवहार संयमित रखना बहुत जरूरी है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने घोषणा की है कि 1 साल में 1000000 लोगों को रोजगार देंगे इससे पहले जो रोजगार मेला जिसमें 75000 लोगों को रोजगार दिया गया। आज पूरे देश में 45 शहरों में रोजगार मेलों का आयोजन हो रखा है जोधपुर में मैंने आज लोगों को नियुक्ति पत्र दिए हैं यह क्रम लगातार चलता रहेगा।

# ट्रेफिक ब्लॉक के कारण रेल यातायात प्रभावित, जम्मूतवी-बाड़मेर रेलसेवा रेगुलेट/रीशड्यूल रहेगी

**जोधपुर**। उत्तर रेलवे द्वारा दिल्ली मण्डल पर दिल्ली-रेवाड़ी रेलखण्ड के मध्य स्थित गढी हरसरू स्टेषन पर लूप लाइन की लम्बाई बढाने के लिए ट्रेफिक ब्लॉक लिया जा रहा है। इस ब्लॉक के कारण रेल यातायात प्रभावित रहेगा। मंडल रेल प्रबंधक सुश्री गीतिका पांडेय के अनुसार उपरोक्त कार्य के कारण निम्न रेलसेवायें रेगुलेट/रीशड्यूल रहेगी।

**रेगुलेट रेलसेवायें**: 1. गाडी संख्या 14646, जम्मूतवी-जैसलमेर रेलसेवा जो 22 नवम्बर को जम्मूतवी से प्रस्थान करेगी, वह दिल्ली सराय-गुडगॉव स्टेशनों के मध्य 01 घंटे रेगुलेट रहेगी। 2. गाडी संख्या 14662, जम्मूतवी-बाडमेर रेलसेवा जो 23 नवम्बर को जम्मूतवी से प्रस्थान करेगी, वह दिल्ली सराय-गुडगॉव स्टेशनों के मध्य 01 घंटे रेगुलेट रहेगी।

**रीशड्यूल रेलसेवायें**

गाडी संख्या 14662, जम्मूतवी-बाडमेर रेलसेवा 25 नवम्बर को जम्मूतवी से अपने निर्धारित समय 22.25 बजे के स्थान पर 03 घंटे देरी से 01.25 बजे प्रस्थान करेगी।

# पाक बॉर्डर पर हेलिकॉप्टर से एयरलिफ्ट की जिप्सी जमीन से टैंक और आसमान से फाइटर जेट सुखोई ने बरसाए बम, दुश्मन भी कंफ्यूज हो गया



भारतीय इलाके में कुछ दुश्मन छिपे बैठे थे। जैसे ही मिलिट्री इंटेलीजेंस को पता चला, सेना हरकत में आ गई। भारतीय सेना के दस से ज्यादा टैंकों ने मोर्चा संभाला, दुश्मन को कुचलने के लिए वे आगे बढ़े। रेत के धोरों में कई जगह ऐसी थीं, जहां सेना की गाड़ी दुश्मन तक नहीं पहुंच पा रही थी। ऐसे में हेलिकॉप्टर से जिप्सी को एयरलिफ्ट कर उस इलाके में पहुंचाया गया। वहीं इंडियन एयरफोर्स भी तुरंत एक्टिव हुई और सुखोई फाइटर जेट चंद मिनटों में आसमान पर मंडराने लगे। हमले की सारी तैयारी पूरी हुई। एयरफोर्स और टैंकों के बीच को-ऑर्डिनेशन बैठाया गया और फिर वह वक्त आया, जब जमीन पर टैंकर से और आसमान में सुखोई फाइटर जेट से एक साथ दुश्मन के ठिकानों पर हमला कर दिया गया। महज 10 सेकेंड में छिपे बैठे दुश्मनों को नेस्तनाबूद कर दिया। भारतीय सेना और एयरफोर्स के बीच इस शानदार को-ऑर्डिनेशन को सोमवार को बीकानेर की महाजन फील्ड फायरिंग रेंज में हुए युद्धाभ्यास 'शत्रुनाश' में अंजाम दिया गया। युद्धाभ्यास के दौरान भारतीय सेना ने टैंक टी-72, टी-90, भीष्म और भारत के स्वदेशी वज्र के-9 का उपयोग किया। इस दौरान रेगिस्तान में ही टारगेट बनाए गए। इन डेमो टारगेट को दुश्मन माना गया। जो रेगिस्तान में कहीं छिपे हुए थे। ऐसे में इंटेलीजेंस रिपोर्ट के आधार पर पहले टारगेट तय किया गया। देखते ही देखते सेना के टैंक दनदनाते हुए आगे बढ़े, आर्टिलरी गन के साथ हमला शुरू हो गया। तभी एयरफोर्स अपने फाइटर प्लेन के साथ मैदान में उतरा।

दुश्मन कंफ्यूज हो गया कि वो थल सेना का जवाब दे या फिर इंडियन एयरफोर्स का। वो कुछ समझ पाए, उससे पहले दोनों ने मिलकर दुश्मन के सभी ठिकाने उड़ा दिए। न सिर्फ टैंक और फाइटर प्लेन बल्कि बुलंद हौसलों के साथ हाथ में आर्टिलरी गन लेकर दौड़ते जवान भी नजर आए।

सप्तशक्ति कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग इन चीफ ए.एस. भिंडर ने इस युद्धाभ्यास को देखने के बाद कहा- हमारी दोनों सेनाएं साथ मिलकर काम कर सकती हैं। दुश्मन पर दो तरफा हमला उन्हें संभलने का मौका भी नहीं देगा। भारत निर्मित हथियारों का इस युद्धाभ्यास में शानदार उपयोग हुआ।



नई तकनीक के साथ भी सेना के जवान काम करने लगे हैं। भारतीय सेना के टैंक का दुश्मन को पता नहीं चले, इसलिए पहले क्षेत्र में धुआं किया जाता है। फिर एक साथ टैंक आगे निकल जाते हैं। दस से ज्यादा टैंक धोरों में ऐसे दौड़ते हैं, जैसे समतल जमीन हो। बीएमपी-2 टैंक के साथ स्वदेशी सारंग गन कवर देती हुई नजर आती है।



## आज मेरे विवाह की वर्षगांठ है

### ये कविता मेरी भार्या श्रीमति तनुजा व्यास को समर्पित

**सुन मेरे साथी**
**जिंदगी की डोर को,**
**तुमने ही थामा है**
**मेरे सादे जीवन को**
**तुमने अपनाया है**
**जब कुछ नही था पास**
**तुमने साथ निभाया**
**आकर तुमने जीवन में**
**अपना मुझे बनाया**
**सहजता और निर्मलता**
**मन मे तुम रखती हो**
**मुझ जैसे तुच्छ प्राणी को**
**दिल मे तुम रखती हो**
**में तुमको खुश रखने की**
**कोशिश पूरी करता हूँ**
**सपनो के सहारे जीवन को**
**जिंदा भी में रखता हूँ**
**जो त्याग तपस्या की तुमने**
**नमन उसे करता हूँ**
**चेहरा तुम्हारा देख देखकर**
**में निहारता रहता हूँ**
**ना तुमने मुझसे कुछ मांगा**
**हरदम साथ निभाया**
**संकट के हर मोड़ पर तुमने**
**प्रेम का एहसास कराया,**
**आज इस मनभावन दिन पर**
**मैं दिल से यही कहता हूँ**
**हर जीवन मे मुझे तुम्ही मिलो**
**य दुआ करता रहता हूँ**
**- गोपाल कृष्ण व्यास**

### आबकारी निरीक्षकों की जिलास्तरीय बैठक

## बकाया वसूली के लिए कार्ययोजना तय, प्रभावी कार्यवाही के निर्देश

**जोधपुर।** जोधपुर जिले के समस्त आबकारी निरीक्षकों की बैठक जिला आबकारी अधिकारी अंजुम ताहिर सम्मा की अध्यक्षता में आयोजित हुई। इसमें जानकारी दी गई कि वर्ष 2021-22 के कुल बकाया 71.30 करोड़ धनराशि के समस्त बाकीदारों में से 13.07 करोड़ की बकायाधनराशि समायोजन से तथा 1.18 करोड़ की बकाया रोकड चालान द्वारा जमा करवाई जा चुकी है। इस प्रकार अब शेष 195 बकायादारों से वर्ष 2021-22 की बकाया राशि रुपये 57.05 करोड राशि वसूल करने के लिए कार्ययोजना बनाई गई है। इसके तहत जिले के समस्त तहसीलों, पंचायतों, नगर पालिका व नगर निगम से 195 बाकीदारों की सम्पत्ति ज्ञात करने व परिवहन विभाग से बकायादारों के वाहनों की सूचना प्राप्त करने हेतु निर्देशित किया गया। इसके अतिरिक्त समस्त बकायादारों के बैंक खातों की जानकारी भी प्राप्त की जाकर इन खातों को फ्रीज करने के लिए निर्देशित किया गया। जिला आबकारी अधिकारी अंजुम ताहिर सम्मा ने बताया कि विभाग के प्रमुख बाकीदारों में बाबुलाल देशी मदिरा दुकान बासनी हरिसिंह, अरविंद गिरी गोस्वामी बिलाड़ा दुकान, रणवीर चौधरी, उपेन्द्र चौधरी व सियाराम गजसिंह पुरा दुकान, अनिता विश्नोई आखलिया चौराहा से छठा पुलिया दुकान, महेन्द्र दहिया भदवासिया दुकान, प्रशांत गंगवानी घडी तिराहा दुकान, प्रियंका मोदी जालोरी गेट दुकान, नितीराज सिंह देवडा पावटा से पुरानी पुलिस लाईन दुकान शामिल है। उन्होंने बताया कि इसके अतिरिक्त भी शेष बाकीदारों में भी विभाग की बकाया राशि को वसूल करने के लिए शीघ्र ही उनकी सम्पत्तियों की जानकारी प्राप्त कर उनकी सम्पत्ति कुर्क करने, वाहन सीज करने व बैंक खाते फ्रीज करने की कार्यवाही की जा रही है ताकि सम्पत्ति इत्यादि का बेचान कर उनसे बकाया की वसूली की जा सके।

## वरिष्ठ कर्मचारी नेता गिर्राज किशोर शर्मा का निधन



**जयपुर।** प्रदेश के राज्य कर्मचारियों के वरिष्ठ कर्मचारी नेता रहे गिर्राज किशोर शर्मा का सोमवार देर रात निधन हो गया शर्मा ने जीवन पर्यंत कर्मचारी हितों के लिए लंबा संघर्ष किया और प्रदेश के कर्मचारियों की मांगों के लिए कई बड़े आंदोलनों की अगुवानी भी की ,वे कर्मचारी संगठनों के राज्य से लेकर राष्ट्रीय स्तर के कई महत्वपूर्ण पदों पर रहे। शर्मा के निधन पर जोधपुर से उनके साथी रहे वरिष्ठ कर्मचारी नेता ए के पुरोहित ने उन्हें कर्मचारियों का मसीहा बताते हुए श्रद्धांजली दी वही जयपुर में महासंघ के नेता तेजसिंह राठौड़, गजेंद्र सिंह राठौड़ , देवी सहाय वर्मा सहित कई नेताओं और कर्मचारियों ने उन्हें श्रद्धांजलि दी।

# एमडीएम अस्पताल की पार्किंग में विवाद, युवक को पीटा

**जोधपुर।** शहर के मथुरादास माथुर अस्पताल की पार्किंग में कुछ युवकों द्वारा बीयर पीकर आमजन को परेशान करने के चलते कुछ सोमवार रात को वहां मौजूद अन्य युवको में कहा सुनी हो गई देखते ही देखते बात इतनी बढ़ गई कि हाथापाई की नौबत आ गई। प्रत्यक्षदर्शियो ने बताया कि अस्पताल की पार्किंग में आए दिन लड़के बीयर और शराब पीकर आने जाने वालो पर फब्तिया कसते है एवं परेशान करते है जिसके चलते आज जब वहा से गुजर रहे कुछ युवको को उन्होने गालिया बोली जिसके बाद झगड़ा बढ़ गया। बाद में लोगो द्वारा बीच बचाव कर इन्हे अलग किया गया। बताया जा रहा है की बीयर पीने वाले मेडिकल कॉलेज के छात्र है।



## भारतीय वायुसेना में अग्निवीर भर्ती पर्जीकरण की अन्तिम तिथि 23 नवम्बर

भारतीय वायुसेना में अग्निपथ स्कीम के अन्तर्गत अग्निवीरवायु भर्ती 01/2023 के लिए ऑनलाईन पर्जीकरण 07 नवम्बर से शुरू हो चुका है। जिसकी अन्तिम तिथि 23 नवम्बर 2022 है। पहली बार महिला उम्मीद्वारों को भी अग्निवीर चयन में भाग लेने का अवसर दिया जा रहा है। इच्छुक अविवाहित पुरूष एवं महिलाएं उम्मीद्वार भर्ती से सम्बंधित सभी नियमों की विस्तृत जानकारी भारतीय वायुसेना की आधिकारिक वेबसाईट careerindianairforce.cdac.in और Indianairforce.nic.in से प्राप्त कर सकते है। उम्मीदवार अग्निवीर की भर्ती के लिए 07 नवम्बर 2022 शाम 05 बजे से 23 नवम्बर 2022 शाम 05 बजे तक https://agnipathvayu.cdac.in पर लॉग इन कर ऑनलाईन पंजीकरण कर सकते है। 27 जून 2002 से 27 दिसम्बर 2005 (दोनो दिनांक सहित) के बीच जन्मे अविवाहित पुरूष एवं महिलाएं उम्मीद्वार इस भर्ती के लिए पात्र होगें। 12 वीं कक्षा या इसके समकक्ष परीक्षा विज्ञान संकाय मं गणित, भौतिक और अंग्रेजी विषय के साथ एवं कला तथा वाणिज्य संकाय मे किसी भी विषय के साथ 50 फीसदी अंको के साथ अंग्रेजी विषय में भी 50 फीसदी अंक होना अनिवार्य है या 03 वर्षीय इजीनियरींग डिप्लोमा धारक या 02 वर्षीय वोकेशनल कोर्स पास उम्मीदवार आवेदन के पात्र है।




## तीसरे टी-20 में बारिश के कारण नहीं निकला नतीजा

# 1-0 से भारत ने सीरीज जीती

भारत और न्यूजीलैंड के बीच नेपियर में खेला गया तीसरा टी-20 बारिश के कारण बेनतीजा रहा। मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए कीवी टीम 19.4 ओवर में 160 रन पर ऑलआउट हो गई। डेवोन कॉनवे ने सबसे ज्यादा 59 रन की पारी खेली। वहीं, ग्लेन फिलिप्स ने 54 रन बनाए। टीम इंडिया की ओर से अर्शदीप सिंह और मोहम्मद सिराज ने सबसे ज्यादा 4-4 विकेट लिए। न्यूजीलैंड के आखिरी 7 विकेट 14 रन बनाने में गिर गए। जवाब में टीम इंडिया ने 9 ओवर में 4 विकेट खोकर 75 रन बना लिए थे। तभी बारिश शुरू हो गई। इसके बाद एक भी बॉल का खेल नहीं हो सका और तीसरे टी-20 को टाई घोषित कर दिया गया। इसी के साथ टीम इंडिया ने सीरीज 1-0 से अपने नाम कर ली।

मैच टाई होने पर सुपर ओवर होता है, लेकिन एक भी बॉल फेंकने की गुंजाइश नहीं थी। ऐसे में मैच को बेनतीजा घोषित कर दिया गया। अर्शदीप सिंह ने न्यूजीलैंड को पहला झटका दिया। उन्होंने दूसरे ओवर की तीसरी बॉल पर फिन एलन को LBW आउट कर दिया। एलन ने 4 बॉल का सामना किया और 3 रन बनाकर आउट हुए। मोहम्मद सिराज ने कीवी टीम का दूसरा विकेट लिया। उन्होंने मार्क चैपमैन को 12 बॉल में 12 रन बनाने के बाद अर्शदीप सिंह के हाथों कैच आउट कराया। ग्लेन फिलिप्स ने न्यूजीलैंड के लिए शानदार पारी खेली। उन्होंने 33 बॉल का सामना किया और 163 के स्ट्राइक रेट से 54 रन बनाए। उनका विकेट मोहम्मद सिराज ने लिया। डेवोन कॉनवे 49 बॉल में 59 रन बनाकर आउट हुए। उनका विकेट अर्शदीप सिंह ने लिया। मोहम्मद सिराज ने जेम्स नीशम के रूप में अपना तीसरा विकेट लिया। वहीं, मिचेल सेंटनर को 1 रन पर आउट कर चौथा विकेट झटका।

# आफताब ने कोर्ट में जुर्म कबूला

## वकील बोला- ऐसा कोई बयान नहीं दिया, सिर्फ उकसावे की बात कही



श्रद्धा मर्डर केस में आरोपी आफताब अमीन पूनावाला की पुलिस रिमांड 4 दिन बढ़ा दी गई है। आफताब को मंगलवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए साकेत कोर्ट में पेश किया गया था। जहां बहस हुई कि एक महीने बाद भी आफताब मर्डर का सिलसिलेवार ब्योरा नहीं दे पा रहा है। उसके बयान एक जैसे नहीं हैं। ये कोर्ट में आफताब की दूसरी वर्चुअल पेशी थी। लीगल न्यूज वेबसाइट बार एंड बेंच और कुछ दूसरी मीडिया रिपोर्ट्स में यह दावा किया गया है कि आफताब ने कोर्ट में मर्डर की बात कुबूल ली। जज से कहा कि उसने उकसावे और गुस्से में श्रद्धा का मर्डर किया। यह भी कहा कि पुलिस को सबकुछ बता चुका हूं। अब घटना याद करने में मुश्किल आ रही है।

ये रिपोर्ट्स सामने आने के करीब एक घंटे बाद अफताब के वकील अविनाश कुमार ने मर्डर के कुबूलनामे को अफवाह करार दिया। कैमरे पर बोले- आफताब ने ऐसा कोई कुबूनामा नहीं दिया है। ऐसा कोई स्टेटमेंट रिकॉर्ड में नहीं लिया गया है। हां, वह यह जरूर बताने की कोशिश कर रहा था कि श्रद्धा उसे उकसाती थी और दोनों के बीच झगड़े होते थे।

अविनाश ने बताया कि आफताब ने उस तालाब का स्केच बनाकर दिया है, जिसमें उसने श्रद्धा के टुकड़े फेंके थे। अविनाश ने आफताब से मिलने की इजाजत मांगी थी, जो कोर्ट ने उन्हें दे दी है। गिरफ्तारी के बाद से आफताब से कोई नहीं मिल पाया है। सुबूतः दिल्ली पुलिस को आफताब के बाथरूम की टाइल्स से अहम सुबूत मिले हैं। फोरेंसिक एक्सपर्ट ने ये सुबूत हासिल किए हैं। सुबूत क्या हैं, ये अभी नहीं बताया गया है। पहले आफताब के बाथरूम की टाइल्स पर भी खून के निशान मिले थे। एक्सपर्ट की रिपोर्ट आने में 2 हफ्ते का वक्त लगेगा। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, श्रद्धा और आफताब का एक कॉमन फ्रेंड भी सामने आया है, जो ड्रग्स बेचा करता था। यह भी पता चला कि श्रद्धा और आफताब के बीच कई बार ब्रेकअप हो चुका था और दोनों बाद में सुलह कर साथ रहने लगते थे।

# मेघालय में पुलिस फायरिंग, 6 की मौत

## वीडियो वायरल होने के बाद हिंसा भड़की, 7 जिलों में इंटरनेट बंद

असम-मेघालय सीमा पर मंगलवार सुबह पुलिस फायरिंग में 6 लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में एक असम का फॉरेस्ट गार्ड भी है। बताया गया है कि सीमा से सटे जंगल से कुछ लोग ट्रक से तस्करी करके लकड़ी ले जा रहे थे। असम पुलिस और फॉरेस्ट विभाग ने उन्हें पश्चिम जयंतिया हिल्स में मुकरोह में रोका तो फायरिंग हो गई। इस घटना में मरने वाले पांच लोग मेघायल के हैं। खबर फैलते ही मेघायल के 7 जिलों में हिंसा भड़क गई। इसके बाद मुख्यमंत्री कॉनराड संगमा के आदेश पर इन जिलों में 48 घंटे के लिए इंटरनेट बंद कर दिया गया है। इनमें पश्चिम जयंतिया पहाड़ियां, पूर्वी जयंतिया पहाड़ियां, पूर्वी खासी पहाड़ियां, री-भोई, पूर्वी पश्चिम खासी पहाड़ियां, पश्चिम खासी पहाड़ियां और दक्षिण पश्चिम खासी पहाड़ियां शामिल हैं।

मेघायल के सीएम ने हादसे को दुखद बताते हुए मरने वालों के परिवार के प्रति संवेदनाएं जताई हैं। उन्होंने बताया कि घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जो भी हुआ बहुत दुखद है। घटना की FIR मेघायल पुलिस ने दर्ज कर ली है। इसकी जांच कराई जाएगी।

मंगलवार सुबह हुई फायरिंग में छह लोगों की मौत की सूचना सोशल मीडिया से फैली। इसके बाद मेघायल के सात जिलों में हिंसा होने लगे। कानून व्यवस्था बिगड़ती देख इंटरनेट बंद कर दिया गया। अगले 48 घंटे तक वॉट्सऐप, फेसबुक, ट्विटर, यू-ट्यूब आदि सब बंद रहेंगे। पुलिस ने इन जिलों में फोर्स बढ़ा दी है।

# इंडोनेशिया में तबाहीः मलबे में अपनों की तलाश, 13 हजार बेघर; पार्किंग-सड़कों पर इलाज

इंडोनेशिया के मुख्य आईलैंड जावा में सोमवार को आए भूकंप में 162 की मौत हुई और 700 से ज्यादा लोग घायल हैं। भूकंप के बाद हर ओर मलबा, लाशें और घायल नजर आ रहे हैं। 2 हजार से ज्यादा घर तबाह हो गए। 13 हजार लोग बेघर हैं। अस्थाई कैंपों, पार्किंग और सड़कों पर ही घायलों का इलाज किया जा रहा है। सबसे ज्यादा तबाही हुई है सियांजुर कस्बे में, जहां भूकंप के दौरान 3 मिनट तक इमारतें हिलती रहीं। सबसे ज्यादा मौतें भी यहीं हुई हैं। आंकड़ा अभी स्पष्ट नहीं है।



स्वामी, प्रकाशक व मुद्रक आशीष पुरोहित द्वारा द न्यूज बर्ड लालजी महाराज की गली, जालप मोहल्ला, जोधपुर 342001 राजस्थान से प्रकाशित एवं भवानी ऑफसेट प्रिन्टर्स, नागौरी टॉवर, न्यू चांदपोल रोड, जोधपुर राजस्थान से मुद्रित। संपादकः अभिषेक पुरोहित, पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए उत्तरदायी। ईमेलः thenewsbirdjodhpur@gmail.com